प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक : 06.11.2025 समय : 01:00 पी.एम.

00000

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए मतदान जारी है। राज्य में कई बड़े नेताओं ने मतदान किया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना जिले के बख्तियारपुर में वोट डाला। इस चरण में 18 जिलों की 121 सीटों के लिए मतदान हो रहा है। सुबह 7 बजे से शुरू हुआ मतदान शाम 6 बजे तक चलेगा। इस बीच मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर सभी मतदाताओं से पूरे उत्साह, जिम्मेदारी और जागरूकता के साथ अपने मताधिकार का उपयोग करने का आग्रह किया है। उन्होंने इस अवसर पर पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करने जा रहे सभी युवा मतदाताओं को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। वहीं बारां के अंता विधानसभा सीट पर भी चुनाव प्रचार जोरो पर है। प्रत्याशी अपने समर्थन में वोट जुटाने के लिए दमखम दिखा रहे है। इसी क्रम में आज विभिन्न राजनैतिक दलों के स्टार प्रचारक रोड़ शो करेंगे। इनमें मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे और पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की सभाएं शामिल है।

0000

प्रदेशभर में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत बीएलओ घर–घर जाकर लोगों को गणना प्रपत्र बांट रहे है। साथ ही निर्वाचन विभाग के अधिकारी विभिन्न बूथों का निरीक्षण कर अभियान की सघन मॉनिटरिंग कर रहे है। डीग के जिला निर्वाचन अधिकारी उत्सव कौशल ने अधिकारियों को गणना फॉर्म वितरण का काम तय समय में पूरा करने के निर्देश दिए है। साथ ही उन्होंने मतदाताओं से फॉर्म भरने में बीएलओ का सहयोग करने की अपील की है। इस बीच राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि मंगलवार से शुरू हुए इस अभियान के तहत कल तक 36 लाख गणना प्रपत्र बांटे गए है। उन्होंने बताया कि चित्तौडगढ और अलवर जिले में सबसे अधिक फॉर्म बांटे गए। प्रदेश के सभी मौजूदा मतदाताओं के लिए नए गणना फॉर्म की छपाई की जा रही है। इसके अलावा वर्तमान मतदाताओं की पिछली एसआईआर मतदाता सूची के साथ मैपिंग भी की जा रही है। अब तक कुल 68 प्रतिशत मतदाताओं की मैपिंग हो चुकी है।

0000

राष्ट्रगीत "वंदे मातरम" के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कल से देशभर में आयोजनों की शुरूआत होगी। इस दौरान अगले वर्ष 7 नवंबर तक विभिन्न कार्यक्रम होंगे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को देशभक्ति का संदेश दिया जायेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल नई दिल्ली में होने वाले समारोह से एक वर्ष के उत्सव का उद्घाटन करेंगे। संस्कृति मंत्रालय की ओर से ये समारोह आयोजित किया जायेगा। इधर प्रदेश में भी राज्यस्तरीय समारोह एमएसएस स्टेडियम में आयोजित किया जायेगा। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। कल 9 जिलों में जिलास्तरीय कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इनमें अजमेर, बीकानेर, उदयपुर, भरतपुर, कोटा, जोधपुर, सीकर, भीलवाडा और अलवर शामिल है। वहीं बाकी 31 जिलों में 8 और 9 नवम्बर को कार्यक्रम होंगे। सालभर में राज्यभर में फोटोग्राफ, डिजिटल पैनल और कला प्रदर्शनियों के माध्यम से वंदे मातरम की डेढ सौ वीं वर्षगांठ को मनाया जायेगा। साथ ही अभियान से जन–जन को जोडने के लिए वंदे मातरम हैशटेग के साथ सोशल मीडिया अभियान भी शुरू होगा।

0000

राज्य में बीते 24 घंटों के दौरान मौसम शुष्क रहा। पश्चिमी विक्षोभ का असर समाप्त होने के साथ ही न्यूनतम तापमान में गिरावट आई है। इससे मौसम सर्द हो गया है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार कुछ स्थानों पर पारा 10 डिग्री सैल्सियस से भी नीचे पंहुच गया। वहीं 15 जगहों पर रात का तापमान 15 डिग्री सैल्सियस से नीचे दर्ज हुआ। सबसे कम 7 दशमलव 5 डिग्री सैल्सियस न्यूनतम तापमान सीकर के फतेहपुर में रिकॉर्ड हुआ। दिन के तापमान में भी गिरावट आई है। ज्यादातर स्थानों पर पारा 30 से 31 डिग्री सैल्सियस के बीच बना रहा। मौसम केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने अगले 24 घंटों में न्यूनतम तापमान में और गिरावट की संभावना व्यक्त की है।

0000

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चौथा टी–20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच आज क्वींसलैण्ड में खेला जाएगा। यह मैच भारतीय समय अनुसार दोपहर पौने दो बजे शुरू होगा। तीसरे टी–20 मैच में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को पाँच विकेट से हराया था। जिसके बाद से पांच मैचों की श्रृंखला 1–1 की बराबरी पर है।

0000